Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Suman Shri Ramji Lal

an>

Title: Need to stop illegal mining activities in Bharatpur, Rajasthan.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद): उपाध्यक्ष महोदय, ब्रज की महिमा का वर्णन व उसकी महत्ता की व्याख्या वेद, पुराणों व अन्य ग्रन्थों में जिस प्रकार है वैसी संसार में किसी और स्थान की नहीं पर उसी ब्रज प्रदेश में स्थित राजस्थान राज्य के भरतपुर जिले की डीग और कामां तहसील में सदियों पुराने पर्वतों के खनन का कार्य लगातार हो रहा है जो माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों काखुला उल्लंघन है क्योंकि उक्त स्थान ताज ट्रिपोजियम जोन मे आता है जो सर्वे ऑफ इंडिया की जी.टी. शीट सं. 54ई/2 व 54ई/6 में यह क्षेत्र स्पट है। न्यायालय के आदेशानुसार ताज ट्रिपोजियम जोन मे खनन और पत्थर क्रेशर सहित सभी प्रकार के प्रदूाण फैलाने वाली गतिविधियों पर पाबंदी है। इस संबंध में केन्द्रीय प्रदूाण नियंत्रण बोर्ड भी उक्त स्थान पर खनन कार्य को अवैध ठहराते हुए 14 नवंबर, 2005 को अपनी रिपोर्ट में तुरंत खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं परंतु राजस्थान सरकार इस परिप्रेक्ष्य में अभी तक खनन पर रोक नहीं लगा पाई है। इससे अनेक महत्वपूर्ण पर्वतों, वन्य जीवन व ऐतिहासिक धरोहरों का तेजी से विनाश दिनोदिन हो रहा है जिसकी आस्था हर हिन्दूप्रेमी के दिलों में है, इस कृत्य से स्थानीय जनता में काफी रोा है और वे लगातार इसे रोकने हेतु धरने तथा प्रदर्शन भी करते रहे हैं परंतु खान माफियाओं की मिलीभगत से खनन का कार्य अवैध तरीके से खूब फलफूल रहा है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि राजस्थान प्रदेश के भरतपुर जिले में स्थित उपरोक्त स्थानों के सदियों पुराने पर्वतों के खनन पर अविलम्ब रोक लगाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं जिससे करोड़ों लोगें के आस्था से जुड़े ऐतिहासिक सथानों को तोड़ने से बचाया जा सके और माननीय न्यायालयों के आदेशों का भी पालन हो सके।